# राजमिस्त्री की गोली मार हत्या, शव झाड़ी में फेंका, घटनास्थल से शराब और सोडा बरामद



## आरा में पेट दर्द होने पर दवा लेने घर से निकला था युवक

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** आरा शहर में युवक की गोली मार बदमाशों ने हत्या कर दी। लाश इब्राहिम नगर के सुनसान इलाके से बरामद हुआ है। बाएं साइड गर्दन में काफी नजदीक से गोली मारी गई है। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर मोहल्ला निवासी छबीला महतो का 27 वर्षीय बेटा शशिकांत महतो है, जो राजमिस्त्री था। मृतक के पिता छबीला महतो ने कहा कि शशिकांत की तबीयत ठीक नहीं थी, पेट दर्द था। रविवार दोपहर करीब 12 बजे दवा लेने घर से निकला था। रास्ते में उसके दोस्त उसे अपने साथ ले गए। रात में इब्राहिम नगर स्थित संजय गांधी कॉलेज के पीछे उसकी लाश मिली। गोली मारकर उसे किसी ने फेंक दिया। घटनास्थल पर विदेशी शराब, सोडा की बोतल मिली है।

### एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए

वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसपी राज, टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय और अपर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की छानबीन में जुट गए। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा और कारतूस भी बरामद किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने एफएसएल की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य भी जुटाए हैं।

### साक्ष्य संकलन किया जा रहा

एसपी मिस्टर राज ने बताया कि इब्राहिम नगर के रहने वाले एक युवक 27 वर्षीय शशिकांत की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटनास्थल की जांच फॉरेंसिक टीम से कराई जा रही है। वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए साक्ष्य संकलन भी किया जा रहा है। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी है

### सौतेले भाई पर लगाया आरोप

मृतक के पिता छबीला महतो ने बताया कि मेरी इब्राहिम नगर में 16 कट्ठा जमीन है। जिसको लेकर सौतेले भाई से 6 माह पूर्व से विवाद चल रहा है। मामले में मैंने प्राथमिक की भी दर्ज कराई थी। एक सप्ताह पहले टाउन थाना में भी शिकायत की थी कि जान से मारने की धमकी दी जा रही है। छबीला महतो ने अपने सौतेले भाई राम भवन हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि मृतक की हत्या किसने और क्यों की। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसकी शादी 2020 में 30 मई को हुई थी। उसे कोई संतान नहीं है। मृतक के परिवार में मां पार्वती देवी, पत्नी खुशबू देवी और दो भाई राणा प्रताप, समा प्रताप व एक बहन राजकुमारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### टाटी लगाने को लेकर विवाद में 13 वर्षीय बच्चे की हत्या

**पूर्णिया/धमदाहा, एजेंसी।** धमदाहा थाना क्षेत्र के बरदेला गांव में बसोबास की जमीन पर टाटी लगाने को लेकर विवाद में मारपीट से घायल 13 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार की सुबह 7 बजे के करीब बरदेला गांव के जनार्दन महतो एवं जयप्रकाश महतो के बीच जमीन पर टाटी को लेकर झड़प होने लगी। बहस के बाद मारपीट शुरू हो गई। बीच-बचाव में जनार्दन महतो के 13 वर्षीय पुत्र रवि किशन कुमार के सिर पर डंडा चला दिया गया जिससे वह तत्काल बेहोश होकर गिर गया। घटना के बाद परिवार के लोग आनन-फानन में उसे अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसे रेफर कर दिया। इलाज के दौरान सिल्लीगुड़ी अस्पताल में शनिवार को रात 12:30 बजे उसकी मौत हो गई है। घटना को लेकर मृतक के पिता जनार्दन महतो ने अपने पड़ोसी जयप्रकाश महतो, अलख महतो एवं उनके सहयोगियों सहित परिवार की महिलाओं पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। हत्या की सूचना फर पुलिस मामले की छानबीन करने बरदेला गांव पहुंची। वहीं पुत्र के मौत से मां सहित परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुमार अभिनव ने बताया कि घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### बच्चों को दे अच्छी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**सहरसा/सलखुआ, एजेंसी।** शनिवार को अभिभावकों व बच्चों की शिकायत पर राजद विधायक यूसुफ सलाउद्दीन ने महंथ मिठ्ठु दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलखुआ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने विद्यालय विकास की राशि, उपस्थिति पंजी, बच्चों की उपस्थित एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की जांच-पड़ताल की। साथ ही सभी शिक्षकों से परीचय पात्र करते गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व उपस्थित शिक्षकों को बच्चों को बेहतरीन शिक्षा कैसे मुहैया हो इसपर विस्तृत चर्चा करते विद्यालय की समस्याओं से अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान बच्चों की कम उपस्थिति पर विद्यालय में सप्ताह में अभिभावकों से मीटिंग करने सहित उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य को संवारने व बेहतर शिक्षा देने के लिए शिक्षा विभाग कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को शिक्षकों की हर गतिविधि की रिपोर्ट व शिक्षक के कक्षा संचालन की रिपोर्ट देने को कहा। मौजूद बीइओ सविता कुमारी को विद्यालय की समय समय पर जांच करने को कहा। इस दौरान प्रखंड प्रमुख, बीइओ सहित अभिभावकों ने विधायक को मिथिला संस्कृति अनुसार पाग, चादर, फूल माला ओढ़ा स्वागत किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सरीता संगम, गजेंद्र यादव, रतीलाल यादव, मुकेश यादव, प्रिंस कुमार, विजय यादव, मंटुन सादा, जयकांत, अविनाश यादव सहित अभिभावक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दुकानदार हत्या मामले में एसपी ने किया निरीक्षण

**सहरसा/सलखुआ।** थाना क्षेत्र के गोरियारी चौक पे 18 सितंबर को किराना दुकानदार रंजीत यादव हत्याकांड का शनिवार की देर रात एसपी हिमांशु ने स्थल का निरीक्षण कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। उसके बाद एसपी मृतक के परिजन से मिल जानकारी ली, एसपी ने घटना स्थल का अवलोकन कर परिजनों से मिल पूछताछ करते हत्यारों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। वही सलखुआ थानाध्यक्ष को छापेमारी करते हत्यारोपी की जल्द गिरफ्तारी को लेकर निर्देश दिए। वहीं एसपी के आने की सूचना व पुलिस की भीड़ देख आसपास के ग्रामीणों की बड़ी भीड़ जुट गई। वहीं घटनास्थल पहुँच प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी से मिल को हर गतिविधि पर नजर बनाए रखने को निर्देशित किया। उसके बाद एसपी अपने काफिले के साथ सलखुआ थाना पहुंच कर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर के मौजदगी में पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक की और थानाध्यक्ष से कई बिंदुओं पर पूछताछ कर कई दिशा निर्देश दिए।

### गायत्री मंदिर में महिलाएं कर रहीं सामूहिक पिंडदान तथा श्राद्ध तर्पण

**मुंगेर, एजेंसी।** एक संवाददाता पूरब सराय स्थित गायत्री मंदिर में सामूहिक पिंडदान तथा श्राद्ध तर्पण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे विशेष रूप से गायत्री परिवार से जुड़ी महिलाएं अपने पितरों का श्राद्ध एवं तर्पण श्रद्धा भाव के साथ समर्पित कर रही है।

# भाजपा का दावा, सदस्यता अभियान के दौरान 18 दिनों में 23 लाख सदस्य बने

**प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- फॉर्म भरकर ही 7 लाख से अधिक सदस्य बन गए**



**पटना, एजेंसी।** भाजपा का दावा है कि बिहार में सदस्यता अभियान के दौरान 18 दिनों में 23 लाख सदस्य बने हैं। सबसे अधिक सदस्य मिस्ड कॉल के माध्यम से बने हैं। भाजपा का टारगेट 1 करोड़ सदस्य बनाने का है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा को सदस्य बनाने में काफी परेशानी हो रही है। जबकि शहरी क्षेत्र में लोग खुद ही सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भाजपा दशहरा से पहले ही 50 लाख सदस्य बनाना चाहती है। इसके लिए लोगों से सीधे संपर्क कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के मुताबिक फॉर्म भरकर ही भाजपा 7 लाख से अधिक सदस्य बना चुकी है।

मोबाइल के जरिए बने सदस्यों की गणना नहीं हुए है। हालांकि सदस्यों की संख्या 23 से 27 लाख के बीच में है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सदस्यता अभियान में कोई दिक्कत नहीं है। लोगों को भाजपा के कार्यों के बारे में पहले ही पहले से ही पता है। ऐसे में कई लोग अपने आप ही पार्टी के सदस्य बन रहे हैं।

### एक मोबाइल से एक सदस्यता के कारण लक्ष्य पाने में समस्या आ रही

ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा को सदस्य बनाने में काफी परेशानी हो रही है। भाजपा नेताओं के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश लोगों को मुफ्त में अनाज और आयुष्मान योजना के अतिरिक्त किसी दूसरी योजना के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। सरकार के शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, एयरपोर्ट के क्षेत्र में किए गए कार्यों को समझाने में दिक्कत हो रही है। इसके अलावा एक मोबाइल एक सदस्य के कारण भी लक्ष्य पाने में समस्या आ रही है। अगर कोई व्यक्ति अपने मोबाइल फोन से एक बार सदस्य बन गया है, तो उस मोबाइल का इस्तेमाल दूसरे व्यक्ति की सदस्यता के लिए नहीं हो सकता है।

### सांसद से ज्यादा प्रभावी विधायक

सदस्यता अभियान में अधिकांश संसदीय क्षेत्रों में सांसद से अधिक पार्टी विधायक प्रभावी हैं। विधायक लोगों को भाजपा और नरेंद्र मोदी के कार्यों को आसानी से समझा रहे हैं। जबकि सांसद का क्षेत्र बड़ा होने से सीधे संपर्क में दिक्कत हो रही है। सबसे अधिक परेशानी उन क्षेत्रों में हो रही है, जहां पर सांसद प्रत्याशी हारे हैं या फिर दूसरे दल के सांसद हैं। हालांकि विधायकों को 2000 और सांसद को 5000 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। जबकि प्रदेश पदाधिकारी को 500 सदस्य बनाने हैं। भाजपा का सक्रिय सदस्य बनने के लिए 200 नए सदस्य बनाना जरूरी है। सक्रिय सदस्य ही भाजपा के पदाधिकारी बन सकते हैं। सदस्यता अभियान प्रभारी जीवेश मिश्रा ने कहा कि केंद्र ने बिहार में काफी काम किया है। बिहार सरकार भी लोगों के विकास के लिए सक्रिय है। ऐसे में सदस्य बनाने का लक्ष्य बड़ा नहीं है।

# भीषण सुखाड़ के कारण लोगों को झेलना पड़ रहा पेयजल का संकट

**दरभंगा/बिरौल, एजेंसी।** अनुमंडल क्षेत्र में जरूरत के अनुरूप बारिश नहीं होने से भीषण सुखाड़ की स्थिति हो गई है। कई गांवों में पेयजल की किल्लत हो गई है। जलस्तर नीचे चले जाने से चापकल सूख गये हैं। पंचायतों में लगे 50 प्रतिशत से अधिक हर घर नल जल योजना बंद हो गयी है। अनुमंडल अधिकारी की ओर से दिए गए निर्देश के 10 दिन बीत जाने के बावजूद विभाग की ओर से समस्या का निदान नहीं किया गया। इससे जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मालूम हो कि सरकार कि ओर से मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना एव पंचायती राज विभाग द्वारा हस्तांतरित जलापूर्ति योजना को सरकार की ओर से रखरखाव व क्रियान्वयन करने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को दे दिया है। इधर, विभाग की ओर से लापरवाही बरते जाने से पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है। बिरौल में 50 प्रतिशत से अधिक योजनाएं बन्द पड़ी हैं। विभागीय आंकड़े को मानें तो सभी 299 योजनाओं में से 180 योजनाएं बन्द हैं। इसको लेकर अनुमंडल अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए 10 दिन पूर्व सभी पंचायतों के मुखिया तथा पीएचईडी के अधिकारी के साथ बैठक की थी।

बैठक में उपस्थित मुखिया ने विभागीय अधिकारी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। इसमें एसडीओ उमेश कुमार भारती ने एक सप्ताह के अन्दर खराब बंद नल-जल योजना को ठीक कर चालू करने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है। इधर, मुखिया संघ के अध्यक्ष व बैरमपुर पंचायत मुखिया सरोज कुमार चौधरी, साहो के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार यादव, उछटी के मुखिया मिथिलेश शर्मा, अकबरपुर बेंक के विश्वंभर पासवान, डुमरी के राम प्रवेश साहू, पोखराम दक्षिणी की मालती देवी, भवानीपुर के प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह, सुपौल के कासिफ उर्फ उजाले व अरगा उसरी के कृष्ण कुमार मिश्र प्रभाकर ने कहा कि पीएचईडी हवा-हवाई काम करता है। बैठक में एसडीओ उमेश कुमार भारती के सामने एक सप्ताह में बन्द पड़ी योजना को चालू करने का वादा किया था। बावजूद इसके प्रखंड की सभी पंचायतों में पेयजल की किल्लत दूर नहीं हो पायी।



# किचन में प्रेशर कुकर ब्लास्ट, दो महिलाएं जख्मी, एक घायल की स्थिति नाजुक

### पूर्णिया में खाना बनाने के दौरान हादसा

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में प्रेशर कुकर फटने से हादसा हो गया। हादसे में दो महिला बुरी तरह झुलस गई। घटना के बाद दोनों महिलाओं को इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया में भर्ती कराया गया। जहां से एक महिला की नाजुक स्थिति देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना टीकापट्टी थाना क्षेत्र के नया नंदगोला गांव की है। घायल महिला की पहचान नंदगोला गांव निवासी स्वर्गीय विकास पासवान की पत्नी विभा देवी 35 के रूप में हुई है। जबकि दूसरी महिला उसकी मेड मीरा देवी बताई जा रही है।

**एक महिला को रेफर किया :** देवर रूपेश कुमार पासवान ने बताया कि रोजाना की तरह भाभी और मेड किचन में घर वालों के लिए खाना बना रही थी। चूल्हे पर कुकर चढ़ा था। काफी गर्म हो जाने के कारण कुकर के अंदर काफी प्रेशर बन गया था। जिसके कारण प्रेशर कुकर अचानक फट गया, तेज धमाका हुआ। महिला के चीखने की आवाज सुनकर घरवाले किचन में पहुंचे। दोनों को तरुष्ट॥ पूर्णिया में एडमिट कराया गया। फिलहाल एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। टीकापट्टी थाना की पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी।

# एक टीम स्टेशन पर तो दूसरी ट्रेन में, महिलाओं के सफर को सुरक्षित बनाने का प्लान

### बुजुर्गों को भी मदद

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** ट्रेनों में रात में अकेली सफर करने वाली महिलाएं अब सुरक्षित यात्रा कर सकेंगी। इसको लेकर जीआरपी मुजफ्फरपुर ने महिला पुलिसकर्मियों की दो स्पेशल टीम बनाई है। ये जंक्शन व ट्रेनों में घूमने वाले शोहदों पर कड़ी नजर रखेंगी। रेल थानेदार रंजीत कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बनाई गई महिला पुलिसकर्मियों की एक टीम थाना से लेकर जंक्शन पर तैनात रहेगी तो दूसरी ट्रेनों के अंदर रहेगी। इनका काम महिलाओं से संबंधित अपराध पर अंकुश लगाना रहेगा। बताया कि ट्रेनों में ये टीम महिला यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें जागरूक भी करेगी। महिलाओं को बताया जाएगा कि ट्रेन में अगर उनके साथ कोई अनहोनी होती है, तो वे डरें नहीं, बल्कि पुलिस को सूचना दें। पुलिस उनकी समस्या का तुरंत समाधान करेगी। एक टीम में दो से तीन महिला पुलिसकर्मी रहेंगी। जंक्शन व ट्रेनों के अंदर अकेली महिला को देखकर उचक्के उनके इर्द-गिर्द भटकने लगते हैं। ऐसे में वे अपनी यात्रा पूरी नहीं कर पातीं। इसी वजह से महिलाओं की सुरक्षा के लिए यह पहल की गई है। ट्रेन के भीतर रात में महिला पुलिसकर्मी स्कॉर्ट करेंगी, जो महिलाओं को सुरक्षित रखेंगी।



### बुजुर्ग महिलाओं को ट्रेन में चढ़ने में करेगी मदद

थानेदार ने बताया कि बुजुर्ग महिला यात्री को टीम में शामिल पुलिसकर्मी बोगी के अंदर चढ़ाने में भी मदद करेगी। जरूरत पड़ने पर सीट पर भी बैठाएंगी। बुजुर्ग महिला यात्री का नाम व सीट नंबर भी नोट किया जाएगा, जिसे अगले स्टेशन पर चढ़ने वाली स्कॉर्ट पार्टी को दिया जाएगा। वहां से आगे का सफर दूसरी पार्टी पूरा कराएगी।

### शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए 24 से साक्षात्कार

**छपरा, एजेंसी।** डीईओ व स्थापना डीपीओ ने संबंधित प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को एक पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि सीडब्ल्यूजेसी राघवेंद्र शर्मा बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित न्यायादेश और प्राथमिक शिक्षा निदेशक के आदेश के अनुपालन में शिक्षकों का साक्षात्कार का शेड्यूल जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि बिहार प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993 के तहत स्नातक विज्ञान एवं कला के प्रारंभिक विद्यालयों के वैसे मैट्रिक प्रशिक्षित शिक्षक जिनकी सेवा 31.12.2007 को 8 वर्षों की पूरी हो चुकी है एवं उनकी योग्यता स्नातक की है। वह निर्धारित फॉर्मेट में संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अभी प्रमाणित शैक्षणिक प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र व सेवा पुस्तिका के साथ साक्षात्कार में शामिल होंगे। साक्षात्कार के लिए जिला निबंधन व परामर्श केंद्र को चयनित किया गया है। 24 सितंबर से 30 सितंबर के बीच अलग-अलग प्रखंडों का शेड्यूल जारी किया गया है।

# तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने बाइक में मारी टक्कर, दो जख्मी



**सुपौल के एनएच-57 पर सड़क पार करने के दौरान हुआ हादसा, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम**

**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल के भीमपुर थाना क्षेत्र से पूरब एनएच-57 मोड़ के पास नरपतगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने सड़क क्रॉस कर रहे एक बाइक पर सवार दो लोगों को रौंद दिया। इस घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं हादसे के बाद एम्बुलेंस बीच सड़क पर पलट गई। जिससे एनएच 57 का दोनों लेन जाम हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने दोनों घायल को इलाज के लिए नरपतगंज अस्पताल लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार हवा में लगभग 15 फिट उछलकर सड़क के दूसरी लेन पर जा गिरे थे।

### टक्कर के बाद बीच सड़क पर पलटा एम्बुलेंस

जानकारी अनुसार भीमपुर वार्ड 05 निवासी शिवनारायण ठाकुर (50) अपने बेटे अजय ठाकुर (28) के साथ अपने बाइक बीआर 50 एडी 0198 से कुसमोल से कार्य कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान भीमपुर चौक स्थित एनएच 57 पर मोड़ के पास सड़क पार करने के लिए खड़े थे। इसी दौरान नरपतगंज के तरफ से आ रही तेज रफ्तार एम्बुलेंस बीआर 50पी-3481 ने उस बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वो दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना से गुस्साए लोगो ने एनएच 57 को जाम कर हंगामा और रॉड सेफ्टी की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। हंगामा कर रहे लोगो का कहना था कि घटनास्थल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर भीमपुर थाना है और फिर भी पुलिस प्रशासन को स्थल तक पहुंचने में करीब आधा घंटा का समय लग गया। इस जगह पर बराबर सड़क दुर्घटनाए होते रहती है। इसीलिए इस जगह फ्लाईओवर ब्रिज की मांग हमलोग लगातार कर रहे है। लेकिन एनएचआई सड़क सेफ्टी के नाम पर कुछ दूर ग्रिल लगाकर पल्ला झाड़ लिया है।

### दोनों घायलों का चल रहा इलाज

भीमपुर थानाध्यक्ष मिथिलेश पांडे ने बताया कि दोनों घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त करवा दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व विधायक प्रत्याशी हत्या अपहरण जैसे संगीन मामले में गिरफ्तार



**चा० भूमि मधुबनी।** मधुबनी जिले के पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा कि बाबूबरही के भूतपूर्व विधायक प्रत्याशी मनोज झा अपने घर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले है। इसकी सूचना बाबूबरही के थानाध्यक्ष को सूचना मिली तभी थानाध्यक्ष ने वरीय पदाधिकारी को देते हुए, इस छापामारी दल का गठन किया गया। आगे उक्त कांड के मुख्य अभियुक्त मनोज झा, पिता - गंगेश झा, सा.- सर्रा, थाना - बाबूबरही, जिला - मधुबनी को गिरफ्तार करने अभियुक्त के घर पर गई पुलिस को दिन के करीब 11 बजे अभियुक्त मनोज झा के द्वारा वहां पर मौजूद महिला और पुरुष के द्वारा पुलिस छापामारी दल पर लाठी, डंडा और हथियार से हमला कर दिया। जिसका फायदा उठाते हुए अभियुक्त मनोज झा ने पुलिस बल को चकमा देते हुए, वहां से फरार हो गया। जिसके आलोक में बाबूबरही थाना कांड संख्या - 428/24, दिनांक - 23/09/2024 को प्राथमिकी दर्ज किया गया है साथ ही अज्ञात महिला पुरुष के खिलाफ भी मामला दर्ज हुआ है। आगे बता दें कि फरार अभियुक्त मनोज झा की खोजबीन करते हुए पुलिस ने दूसरे दिन सुबह में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि मनोज झा पर पूर्व से कई संगीन मामला, ठगी तथा विभिन्न प्रकार के धोखाधड़ी करने के आलावे कई मामले दर्ज हैं, आगे अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने एक आर्केस्ट्रा संचालिका को गिरफ्तार किया



**चा० भूमि संवाद सूत्र।** पश्चिम बंगाल के देवांन्धि थाना के बोरा बेलबीन गांव निवासी पूर्णिमा बीबी जो चौतरवा में आर्केस्ट्रा चलाती थी उसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके ऊपर आरोप है कि उसने पश्चिम बंगाल से दो लड़कियों को बहला फुसलाकर डांस करवाने का आरोप है। दोनों लड़कियों के परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पश्चिम बंगाल में दर्ज कराई। पुलिस की जांच में यह पता चला कि उन्हें आर्केस्ट्रा में काम करवाने के लिए अगवा किया गया था। इसी सिलसिले में पश्चिम बंगाल पुलिस ने बिहार के चौतरवा में छापेमारी की और संचालिका को गिरफ्तार कर लिया। बंगाल से आई पुलिस और लोकल पुलिस के सहयोग से एक लडकी को बरामद कर लिया गया है जबकि दूसरी की तलाश जारी है। आपको बता दे कि पूरे क्षेत्र मे पुलिस की नाक के नीचे ऐसे आर्केस्ट्रा चलाये जाते है जिसमे से समय समय पर लडकियों का रेसक्यू विभिन्न संस्थाओ द्वारा किया जाता है।

### मच्छरगावा में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का किया गया आयोजन



**चा० भूमि योगापट्टी।** नगर पंचायत मच्छरगावा योगापट्टी मे सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। 'स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज मच्छरगावा योगापट्टी सहित विभिन्न स्वास्थ्य इलाको में 'सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सफाई बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारी अपने स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों से लैस हों। यह पहल स्वच्छता ही सेवा अभियान का हिस्सा है जो इस मिशन में योगदान देने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता और सफाई के महत्व पर प्रकाश डालता है। ऐसे प्रयासों के माध्यम से सुविधाओं को सभी के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखता है। और वहां उपस्थित कार्यपालक रीना कुमारी अध्यक्ष अश्वनी कुमार वार्ड पार्षद धर्मनाथ कुमार दिलीप कुमार चिकित्सा कर्मी डॉक्टर सुजीत राम डॉक्टर संजय राम एएनएम खुशबू कुमारी आदि लोग मौजूद रहे वही शिविर में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य का जांच किया गया तथा उन्हें जांच के बाद आवश्यक दवाइयां दी गई। सरकार के द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम पूरे प्रखंड क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इस मौके पर लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में सफाई मित्रों का एक शिविर लगाकर स्वास्थ्य की जांच कराया गया ।

### प्रदेश के विकास को युवा नेतृत्व जरूरी:युवा राजद की कार्यशाला संपन्न, 15 मार्च को पटना में युवा समागम

**पटना।** युवा राजद की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को संपन्न हो गई। इसमें राज्यभर से 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में दूसरे दिन विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे और प्रतिभागियों के सवालों का जवाब दिया। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो सुधा सिंह ने अवसर में हिस्सेदारी, महिला, एससी-एसटी और ओबीसी का प्रतिनिधित्व विषय पर आंकड़ों के साथ विस्तार से अपनी बात रखी। जेएनयू के प्रो. एनपी राणा ने जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। प्रो. प्रवीण झा ने बिहार की राजनीति और अर्थनीति में युवा संवाद की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। युवा राजद के अध्यक्ष राजेश यादव ने 1990 से पहले बिहार की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति की चर्चा की। समापन सत्र में राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद ने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक बदलाव में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए आज की परिस्थितियों में युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश के समग्र विकास के लिए युवा नेतृत्व को आज की जरूरत बताया। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने भी संबोधित किया। राजेश यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी अनुमंडलों में युवा कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। युवा राजद ने हर बूथ पर कम से कम एक सक्रिय सदस्य बनाने का संकल्प लिया है। 15 मार्च को पटना में राज्यस्तरीय युवा समागम का आयोजन किया जाएगा।

# प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड का मुख्य लाइनर गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।

पटना के फुलवारी शरीफ एम्स के नजदीक प्रॉपर्टी डीलर सुर्दशन वर्मा हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य लाइनर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। माना जा रहा है की हत्या से पहले मुख्य लाइनर ने शूटरों को सुर्दशन वर्मा की पहचान कराई थी। तभी मोटरसाइकिल से आए अपराधियों ने सुर्दशन वर्मा को गोलियों से भून डाला था। अब पुलिस सुर्दशन वर्मा के मुख्य शूटर की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस का मानना है कि मास्टरमाइंड के गिरफ्तार होने के बाद मुख्य शूटर की गिरफ्तारी में ज्यादा समय नहीं लगेगा। गिरफ्तार लाइनर का नाम मुकेश कुमार उर्फ मिक्कू बताया जा रहा है, जो दानापुर के मानपुर का निवासी है।



13 सितंबर को पटना AIIMS के पास हुआ था मर्डर, जमीन विवाद से जुड़ा है मामला

**जमीन विवाद से जुड़ा है मामलाः** दरअसल, विक्रम के दतियाना निवासी प्रॉपर्टी डीलर सुर्दशन वर्मा की अपराधियों ने 13 सितंबर को एम्स के नजदीक गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद सुर्दशन वर्मा की पत्नी संगीता देवी ने फुलवारी शरीफ थाने में तीन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। परिजनों का मानना है कि हत्या भूमि विवाद के कारण सुपारी देकर कराई गई थी। इसके लिए मास्टर माइंड मुकेश कुमार उर्फ मिक्कू ने हत्यारों को बुला कर अपने घर में कई दिनों तक रखा था। जब मुकेश कुमार की मां-पिता ने इसका विरोध किया तो हत्यारों को कुछ दूरी पर अपने एक मित्र के यहां ठहरा दिया। हत्या के पीछे जमीन का विवाद बताया जाता है। घटना के बाद पुलिस को पता चला कि हत्या की सुपारी सगुना निवासी मुकेश कुमार उर्फ मिक्कु ने दिया था। मुकेश ने हत्या के लिए अपराधियों को बुला कर अपने घर मैनपुरा सगुना में रखा था

## पटना सिटी में प्रेमिका के सामने प्रेमी ने की खुदकुशी

एजेंसी, पटना।

पटना सिटी में प्रेमिका के सामने प्रेमी ने खुद्कुशी कर ली। प्रेमिका के नशे करने से मना करने पर फंदे से झूल गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया। घटना गांधीनगर के अगमकुआं थाना क्षेत्र की है।

**भाई-बहन बताकर लिया था कमराः** मकान मालिक उमेश पंडित ने बताया कि दोनों भागलपुर के रहने वाले थे। 10 अगस्त को रेंट पर कमरा लिया था। दोनों ने खुद को भाई-बहन बताते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की बात कही थी।

**नशा का विरोध करने पर झगड़ा करता थाः** प्रेमिका अंजलि कुमारी (28) ने बताया कि प्रदुमन कुमार (32) के साथ 6 महीने से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। हमलोग एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते थे। कुछ दिनों बाद शादी होने वाली थी। प्रदुमन काफी नशा करता था। इस बात को लेकर कई बार झगड़ा भी हुआ था।



नशा करने से रोका तो फंदे से झूल गया, भाई-बहन बताकर लिया था कमरा

**खिड़की से देखा तो पंखा से लटक रहा थाः** सोमवार को इसी बात को लेकर विवाद हुई थी। झगड़ा होने के बाद उसने अंदर से कमरा बंद कर लिया। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला। कुछ देर बाद खिड़की से देखा तो वो पंखा से लटक रहा था। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस की दी।

**मामले की जांच चल रही हैः** दरोगा रामायण राम ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग का है। दोनों अलग-अलग कास्ट के हैं। दोनों के बीच किस बात को लेकर अनबन हुई है। जिसके बाद युवक ने जान दे दी। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की जांच चल रही है।

## दानापुर नगर परिषद की मुख्य पार्षद का विरोध

एजेंसी, पटना।

दानापुर नगर परिषद में स्वच्छता अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान नल जल योजना को लेकर वार्ड-26 में मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी का लोगों ने विरोध किया। पार्षद प्रतिनिधि पिंकू जायसवाल और स्थानीय लोगों ने योजना में अनियमितता का आरोप लगाकार जमकर नारेबाजी की। हंगामे की वजह से कुछ देर तक जागरूकता अभियान रैली को रोकना पड़ा।

**4 साल बाद भी लोगों को नहीं मिला लाभः** पार्षद प्रतिनिधि पिंकू जायसवाल ने बताया कि नल जल योजना के तहत वार्ड में काम हुआ था। चार साल बाद भी खोदे गए गड्ढे को नहीं भरा गया। मैंने अपने स्तर पर कुछ काम करवाया था। योजना का लाभ देने के लिए वार्ड के लोगों का आधार कार्ड लिया गया था,



लेकिन अभी तक किसी को लाभ नहीं मिला है। कुछ घरों में कनेक्शन तो पहुंचा है, लेकिन नल नहीं लगाया गया है। इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी को भी आवेदन दे चुका हूं। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अगर काम नहीं हुआ तो नगर परिषद का घेराव किया जाएगा। काफी समझाने के बाद मामला शांत हुआ। कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया की वार्ड-26 में नल जल योजना का लाभ नहीं मिलने और नाला निर्माण को लेकर लोगो ने विरोध किया था। पीएचईडी विभाग से बात कर रहे हैं।

## जदयू के राष्ट्रीय महासचिव बने लालू के खास श्याम रजक

एजेंसी, पटना।

22 दिन पहले ही राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुए श्याम रजक को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देश पर श्याम रजक को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। इनके अलावा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अरुण कुमार को झारखंड का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। साथ ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की तरफ से मनीष कुमार को मीडिया सेल का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। श्याम रजक महादलित हैं। कभी इनकी गिनती लालू प्रसाद यादव के करीबियों में होती थी। राज्य में दलितों की कुल आबादी लगभग 19 प्रतिशत है। ऐसे में नीतीश कुमार ने श्याम रजक पर दांव लगाकर एक साथ दो निशाने साधने की कोशिश की है। पहला- उन्होंने श्याम रजक को अपने पाले में लाकर राजद में बड़े नेताओं की नाराजगी का मैसेज दिया है। दूसरा- दलितों के बीच ये मैसेज देने की कोशिश की है कि वे उनके हितैषी हैं। दरअसल, राज्यसभा की दो सीटों पर राजद की तरफ मनोझ झा को दोबारा और संजय यादव को पहली बार राज्यसभा भेज दिया गया। इतना ही नहीं श्याम रजक की जाति, धोबी समाज से मुन्नी रजक को विधान परिषद भेज दिया

पार्टी जॉइन करने के 22वें दिन मिली जिम्मेदारी



गया। इसके बाद से ही श्याम रजक नाराज चल रहे थे। सूत्रों की मानें तो श्याम रजक फुलवारी विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहते हैं। ये सीट फिलहाल भाकपा माले की विनिंग सीट है। ऐसे में राजद में रहते ये सीट उन्हें मिल पाना संभव नहीं लग रहा था। यही कारण है कि उन्होंने राजद छोड़ जदयू का दामन थामा है।

**22 अगस्त को राजद से दिया था इस्तीफाः** श्याम रजक ने धोखा देने का आरोप लगाते हुए 22 अगस्त को आरजेडी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने पत्र के जरिए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को इस्तीफा सौंपा था। पत्र में लिखा, 'मैं शतरंज का शौकीन नहीं था, इसलिए धोखा खा गया। आप मोहरे चल रहे थे, मैं रिश्तेदारी निभा रहा था।'

**राबड़ी देवी सरकार में ऊर्जा मंत्री थेः** राबड़ी देवी शासनकाल में श्याम रजक ऊर्जा मंत्री थे। 2009 में पार्टी ने जमुई सुरक्षित लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। जेडीयू के भूदेव चौधरी से चुनाव हार गए थे। हारने के बाद पार्टी के नेताओं पर भीतरघात का आरोप लगाकर आरजेडी छोड़कर जेडीयू में चले गए थे। फिर नीतीश कुमार से नाराज होकर आरजेडी में आ गए थे।

**राजद में समाजवाद, भ्रष्टाचार में बदल गया हैः** जदयू में शामिल होने के दौरान श्याम रजक ने कहा था कि नीतीश कुमार की योजना ने बिहार की तस्वीर को बदलने का काम किया है। जिस पार्टी में था वहां समाजवाद भ्रष्टाचार में बदल गया। लेकिन नीतीश कुमार हमेशा समाजवाद की लड़ाई लड़ते रहे। मेरा सौभाग्य है कि नीतीश कुमार के साथ मुझे काम करने का मौका मिलेगा। मैं उस पार्टी में पूरी कोशिश करता रहा कि सब ठीक हो जाए लेकिन वहां राजनीति सिर्फ पद के लिए होती है।

## पटना में 150 और इलेक्ट्रिक बसें चलेगी, तय होंगे रूट, PM ई-बस योजना के तहत मिलेंगे 400 बसें

एजेंसी, पटना।

राजधानी की सड़कों पर इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ने वाली है। 150 और इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन होगा। इसके लिए अक्टूबर तक रूट तय होंगे। नवंबर तक ये बसें पटना आने की उम्मीद है। पीएम ई-बस योजना के तहत बिहार को 400 ई-बसें मिलनी हैं। इसका टेंडर फाइनल हो गया है। बसों का प्रोडक्शन भी शुरू हो गया है। इन बसों से रोज 30 हजार से अधिक पैसेंजर को सुविधा मिलेगी। साथ ही 2 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। बेली रोड, बाइपास के रास्ते पटना सिटी, अटल पथ, बिहटा, मनेर आदि रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन के लिए

2 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार



सर्वे चल रहा है। अभी 14 रूटों पर सरकारी सिटी बसों का परिचालन किया जा रहा है। अटल पथ के शामिल होने के बाद 15वां रूट हो जाएगा। परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत बसों का परिचालन करने के लिए मार्गों का चयन करने का निर्देश दिया गया है। बसों को चार्ज करने के लिए पर्याप्त चार्जिंग स्टेशन स्थापित होंगे।

**यात्रियों को कम लगेगा किरायाः** पीएम ई-बस एसी से लैस हैं। महिलाओं के लिए सेफ हैं। बस के अंदर सीसीटीवी कैमरा है। यात्रियों को अभी की तुलना में इन बसों से सफर करने में किराया कम लगेगा। लंबी दूरी वाले रूटों पर सफर करने वाले लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। कम किराया के साथ-साथ लोग शुद्ध वातावरण में सफर कर सकेंगे।

## युवक की गोली मारकर हत्या अप्रैल में ही हुई थी शादी

एजेंसी, पटना।

राजधानी पटना से सटे बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद सोन नदी घाट के पास मछली पकड़ने गए युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अमनाबाद गांव निवासी भुअर महतो के बेटे अमरजीत कुमार के रूप में हुई है। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद बिहटा थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अस्पताल भेज दिया गया है। साथ ही घटना की जानकारी पटना FSL टीम को दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अमरजीत कुमार अपने गांव के साथी कंचन कुमार और विकास कुमार के साथ बीती रात अमनाबाद सोन घाट पर मछली पकड़ने गया हुआ था। इस दौरान सोन नदी घाट पर गोली चली, जिससे एक गोली अमरजीत कुमार के शरीर में लगी। मौके पर ही मौत हो गई। इधर, अमरजीत की शादी इसी साल अप्रैल माह में हाजीपुर में हुई थी। मौत के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल गांव में मातम पसरा हुआ है।

**अब तक 5 लोगों की जा चुकी है जानः** वैसे इससे पहले भी बालू माफिया के गोली से अमनाबाद और पथलौटिया सोनबालू घाट पर 2023 से लेकर अब तक पांच लोगो की हत्या हो चुकी है। बालू के अवैध खनन को लेकर बालू माफिया के बीच आए दिन गोलीबारी होती है। इसके कारण स्थानीय लोगों की जान पर खतरा मंडराता रहता है। फिलहाल घटना के बाद एक बार फिर गांव में मातम पसरा हुआ है।

## पुलों पर चलना खतरे से खाली नहीं

एजेंसी, पटना।

बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु पर निर्माणाधीन पुल के संपर्क पथ का स्पैन गिर गया। राजद ने इसपर सवाल उठाया है। राजद के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा है कि 1600 करोड़ रुपए की लागत से यह बन रहा है। मुख्यमंत्री, भाजपा के मंत्री और अधिकारियों के साथ न जाने कितनी बार इसका निरीक्षण किए होंगे। भ्रष्टाचार के सबूत यहां फिर छोड़ गए। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में पुलों पर चलना खतरे से खाली नहीं है। वहीं राजद के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा ने तेजस्वी पर निशाना साधा है। सुल्तानगंज का पुल कई बार गिरा जो ड्रीम प्रोजेक्ट है। भ्रष्टाचार प्रशासन के रग-रग में आ गया है। भाजपा के पास यह विभाग रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बेमेल गठबंधन में रहकर भाजपा का संरक्षण कर रहे हैं। यह भ्रष्टाचार का संस्थागत प्रमाण है। कोई ऐसा डिपार्टमेंट अछूता नहीं है, जहां भ्रष्टाचार नहीं हो रहा हो। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंह में दही



जमाए बैठे हैं। कुछ बोल नहीं रहे हैं। बिहार में सब कुछ अचेत हो गया है। अब विश्वास ही नहीं है कि कोई पुल इनके कार्यकाल में सुरक्षित रह गया है। पुलों पर चलना खतरे से खाली नहीं है।

**राजद के युवराज भी इस विभाग के मंत्री रहे : BJP:** BJP के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल के युवराज भी इस विभाग के मंत्री रहे हैं यह नहीं भूलना चाहिए। भ्रष्टाचार हुआ है तो इस पर निगरानी है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन भ्रष्टाचारियों को किनका संरक्षण मिलता रहा है इसे देखा जा रहा है।

## बिहार में 10 में इंजीनियरिंग तो 5 में पॉलिटेक्निक कोर्स

एजेंसी, पटना।

बिहार में इंजीनियरिंग की पढ़ाई 5 और 10 रुपए में हो रही है। राज्य सरकार बीटेक के लिए प्रतिमाह 10 रुपए तो पॉलिटेक्निक के लिए 5 रुपए वसूल रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी मिनिस्टर सुमित सिंह ने बताया कि लेटरल एंट्री के जरिए इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में एडमिशन भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटना में निर्माणाधीन साइंस सेंटर अगले चार महीने में आम लोगों के लिए खोला जाएगा।

**बिहार में 38 इंजीनियरिंग तो 46 पॉलिटेक्निक कॉलेजः** बिहार में कुल 38 जिले हैं, हर जिले में एक-एक इंजीनियरिंग कॉलेज खोला गया है। इसमें इंजीनियरिंग की पढ़ाई होती है। इन कॉलेजों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को महीने में 10 रुपए देना होता है। वहीं पॉलिटेक्निक स्टूडेंट्स से 5 रुपए प्रति महीना लिया जाता है। राज्य में 46 पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं। मंत्री सुमित सिंह कहते हैं कि बिहार सरकार इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए कोई शुल्क नहीं लेती। स्टूडेंट्स से सिर्फ टोकन मनी ली जाती है। इंजीनियरिंग कॉलेज में यह फीस सिर्फ 10 रुपए है तो पॉलिटेक्निक कॉलेज में 5 रुपए प्रति माह। बिहार के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज में लेटरल एंट्री का भी प्रावधान है। शैक्षणिक

◆ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मिनिस्टर बोले- सिर्फ टोकन मनी ली जाती है, 4 महीने में सांइस सेंटर भी खुलेगा



सत्र 2023-24 में लेटरल एंट्री के जरिए कुल 3 हजार 733 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है। बीटेक के लिए 2 हजार 572 स्टूडेंट्स और पॉलिटेक्निक के लिए 1 हजार 161 स्टूडेंट्स ने लेटरल एंट्री से एडमिशन करवाया है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद नामांकन को लेकर एग्जाम लेती है। वहीं बीटेक के लिए 8 हजार 429 छात्र छात्राओं ने एडमिशन लिया। पॉलिटेक्निक में 14 हजार 47 स्टूडेंट्स ने नामांकन लिया। चालू सत्र 2024-25 में बीटेक के लिए 12 हजार 280 सीट, पॉलिटेक्निक के लिए 13 हजार 912 और एमटेक के लिए 386 सीट पर काउंसलिंग चल रही है।

**चार महीने में तैयार होगा पटना का साइंस सेंटरः** पटना में अंतरराष्ट्रीय स्तर के बन रहे साइंस सेंटर का सिविल वर्क खत्म हो चुका है। इसे अगले तीन से चार महीने के अंदर आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। पटना के राजेंद्र नगर इलाके में बन रहे साइंस सेंटर का उद्घाटन विधानसभा चुनाव के पहले होने की पूरी संभावना है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी मिनिस्टर सुमित सिंह ने बताया कि देश ही नहीं बल्कि विदेश से रिसर्चर यहां आएंगे। यह साइंस के लिए बेहतरीन स्पेस होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर का सेंटर बना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पति कमाने दूसरे प्रदेश गया था पत्नि ने जहर खाया

**चा० भूमि योगापट्टी।** नवलपुर थाना क्षेत्र के रमना निवासी संतोष कुमार के 22 वर्षीय पत्नी ललिता देवी ने नाराज होकर कीटनाशक पीकर अपनी जान दे दी।परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज के लिए बेतिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि बाद में उसे जीएमसीएच में परिजन ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जीएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले किया। इस सम्बंध में ससुर ललन यादव ने बताया कि उनका पुत्र संतोष 19 सितंबर को अंबाला कमाने जा रहा था। हालांकि उसकी पत्नी ने उसे रोका। लेकिन आर्थिक स्थिति का हवाला देकर वह कमाने चला गया। शाम में बहु को बच्चे को दूध पिलाने को कहा,तो वह नाराज होकर बोली कि वह दूध नहीं पिलायेगी। उसे आपका बेटा दूध पिलाए। उसके बाद गन्ना के खेत में छिड़काव करने वाली कीटनाशक दवा पी ली।

### दहेज के लिए महिला की हत्या शव को जलाने की कोशिश

**चा० भूमि गौनाहा।** गौनाहा थाना क्षेत्र के अमोलवा स्थित विशौलिया गांव मे दहेज के लिये हत्या कर शव को जलाने का मामला सामने आया है।हालांकि सूचना पर पहुंचे विवाहिता के मायके वालों ने जले हुए शव का अवशेष इकट्ठा कर लिया और थाने मे मामला दर्ज कराने पहुंचे परंतु मामला नहीं दर्ज हो सका । जिसके बाद सोमवार को सभी लोग एक साथ अवशेष लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारी से शिकायत करने पहुंच गए। लोगों ने गौनाहा पुलिस को लेकर नाराजगी भी जताई। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर को जैसे ही मालूम हुआ कि गांव की बेटी राज नंदिनी की हत्या कर उसके ससुराल वाले जला रहे है। तो गांव के लोग बिना किसी देरी के वहां पहुंचे। मामले को लेकर गौनाहा पुलिस से शिकायत भी की। उस समय शव जल ही रहा था।

### बढ़ते अपराध को ले माले ने निकाला प्रतिरोध मार्च

**चा० भूमि मैनाटाड़।** सूबे में बढते अपराध, दलित गरीब महिलाओं पर जारी हिंसा के मामले पर भाकपा माले के दर्जनाधिक कार्यकर्ताओं ने मैनाटाड़ में प्रतिरोध मार्च निकाला। प्रतिरोध मार्च पार्टी आफिस से शुरू होकर प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचा। जहां पर सरकार विरोधी नारे लगाते हुये सीएम का पूतला दहन किया। मौके पर अंचल सचिव अच्छेलाल राम, सुभाषचन्द्र कुशवाहा, सीताराम राम, विधायक प्रतिनिधि इन्द्र देव कुशवाहा, श्रीकांत ठाकुर, लक्ष्मण राम, संदीप कुमार, अनिल दिवाकर, रविन्द्र पासवान, बंधु राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहें। पूतला दहन कार्यक्रम के बाद एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते जिला कमेटी सदस्य कामरेड सुभाष चंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार में दलित, महिला, गरीब, मजदूर, बच्चे सुरक्षित नहीं है। कही महिलाओं का आबरू लूटे जा रहे हैं, तो कहीं दलितों का नरसंहार किया जा रहा है।अंचल सचिव कामरेड अच्छेलाल राम ने कहा कि माले नेता सुनील चन्द्र वंशी की दिन दहाड़े हत्या कर दी जाती है और अभी तक हत्यारे को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। भाजपा जदयू जवाब दो। सूबे की डबल इंजन सरकार चैन की नींद सो रही है। लोगों के सुरक्षा और हित के लिए माले सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन जारी रखेगा।

### शौच के लिए घर से निकली महिला गायब

**चा० भूमि मैनाटाड़।** शौच के लिए घर से निकली महिला का कोई अता-पता नहीं है। काफी खोजबीन करने के बाद जब गायब महिला नहीं मिली,तो परिजन पुलिस को लिखित सूचना दिये। विगत छह दिनों से गायब महिला बस्ठा निवासी तबारक मियां की पत्नी शमीमा खातून है। मामले में गायब महिला के ससुर मुस्तफा मियां ने मैनाटाड़ पुलिस को आवेदन दिया है। मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस सनहा दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। महिला को ढूंढने के लिए पुलिस प्रयासरत हैं। पुलिस को दिये आवेदन में गायब महिला के ससुर मुस्तफा मियां ने बताया है कि 18 सितंबर के सुबह में शौच के लिए मेरी पतोहू शमीमा खातुन घर से निकली जो वापस घर को लौटकर नहीं आयी है।काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई उसका आता पता नहीं चला तो 20 सितंबर को पुलिस के पास जाकर लिखित सूचना दी गयी।

### सड़क हादसे में एक की मौत, चार घायल

**चा० भूमि बगहा।** नगर थाना क्षेत्र में अलग अलग जगह हुई सड़क हादसे में एक कि मौत हो गई है जब की चार घायल हो गए है। चारों का इलाज बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। पहला हादसा भैरोगंज मुख्य सड़क में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार नरईपुर निवासी 30 वर्षीय राजू बारी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार राजू बारी रामनगर में एक पेट्रोल पंप पर काम करता था और रात में अपने घर से पेट्रोल पंप जा रहा था उसी समय दुर्घटना का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। एक व्यक्ती ने इस घटना की सूचना नगर थाना को दिया। सूचना मिलते ही नगर थाना कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव की पहचान उनके जेब में मिले आई कार्ड से की और शव को पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। जैसे ही घटना कि सूचना परिजनों को मिली रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस मामले में नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृत राजू की शादी 2 साल पहले हुई थी। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार राजू बारी की मौत हुई हैं घटना स्थल के आस पास में लगे सीसीटीवी फुटेज का खंगाला जा रहा हैं जल्द ही अज्ञात वाहन पुलिस के गिरफ्त में होगा। दूसरा हादसा एनएच 727 बगहा व बेतिया मुख्य मार्ग में कोऑपरेटिव बैंक के समीप एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने सड़क पर कर रहें पिता पुत्र को ठोकर मार दिया। बाइक चालक समेत पिता पुत्र घायल हो गए और तीसरी घटना सिनेमा चौक के समीप हुई जहां एक बोलोरो ने साईकिल सवार को ठोकर मार कर जख्मी कर दिया। चार घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर विद्यानंद पाल ने प्राथमिक उपचार किया प्राथमिक उपचार के बाद उन्होंने बताया कि चारों घायलों की स्थिति सामान्य है इलाज जारी है इसके साथ ही उन्होंने बताया कि तीन घायलों की पहचान नगर थाना क्षेत्र पवरिया टोला निवासी साहेब खान व उनके 3 वर्षीय पुत्र माजिद खान और गोड़िया पट्टी निवासी हीरा लाल खटीक एवं बाइक चालक भैरोगंज थाना क्षेत्र के भैरोगंज गांव निवासी अमित कुमार के रुप में हुई थी।

### स्वच्छ भारत अभियान के तहत पर्यटन स्थलो पर चलाया गया सफाई अभियान



**चा० भूमि वाल्मीकिनगर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत वाल्मीकिनगर के पर्यटन स्थलो पर सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें वन कर्मियों द्वारा साफ-सफाई की गई। सुबह जंगल कैंप में वनकर्मी एकत्रित हुए जिसके बाद चरणबद्ध तरीके से सफाई अभियान चलाने का संकल्प लिया। वाल्मीकिनगर स्थित जंगल कैंप के दो किमी के दायरे में वन कर्मियो के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस बाबत वाल्मीकिनगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि किसी भी प्राकृतिक स्थल की पहचान वहां स्थित प्राकृतिक सौंदर्य और वहां होने वाले साफ सफाई से की जाती है। इसके तहत जंगल कैंप, इको पार्क, पथवे, गिरी दर्शन आदि पर्यटन स्थल पर प्लास्टिक, पानी की बोतल, सहित विभिन्न प्रकार के कचरो की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी हर नागरिक की है। ऐसे में लोगों को चाहिए कि वह जगह-जगह कूड़ा न फेंकें। कूड़ा सदैव एक निश्चित स्थान अथवा कूड़ेदान में ही डालें। इस दौरान लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। मौके पर अभय कुमार, गुरूनंदन, संतोष कुमार, सोनू कुमार, मुकेश कुमार, होसिल कुमार, योगेंद्र कुमार, आर्या कुमार एवं अजय कुमार मौजूद रहे।

# मधुबनी और लौरिया में टू-नेट मशीन का हुआ उद्घाटन

चा० भूमि बेतिया



जिले के टीबी मरीजों के लिए खुशखबरी है। सोमवार को मधुबनी, लौरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जिले के संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा के द्वारा ट्रू-नेट मशीन का उद्घाटन किया गया। डॉ चंद्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत, राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा टीबी मरीजों की खोज एवं उन्मूलन हेतु बिहार के कई जिलों में ट्रू-नेट मशीन उपलब्ध कराई है। इससे अब टीबी मरीजों की जांच में काफ़ी तेजी आएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में पहले से बेतिया, नरकटियागंज, रामनगर, मैनाटांड में ट्रू-नेट मशीन कार्यरत है जहाँ प्रतिदिन 60-70 मरीजों की जाँच होती है। उन्होंने बताया कि इस नये मशीन के आने से समय की भी काफ़ी बचत होगी। ट्रू नेट मशीन से मात्र 40 मिनट में नार्मल टीबी और 1 घंटे में एमडीआर की रिपोर्ट मिल जाती है। पहले ट्रू नेट मशीन से कोरोना का जाँच होता था। डॉ दिलीप कुमार एमओआईसी ने बताया कि टीबी के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित करने में अब आसानी होगी, उनके बलगम का सैंपल लेकर स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराया जाएगा।

जिला यक्ष्मा केंद्र के सूर्य नारायण साह ने बताया कि टीबी मरीजों को दवा उपलब्ध कराई जा रहीं है। दवाओं का पूरा कोर्स कर टीबी मरीज स्वस्थ हो सकते हैं। इसके लिए दवाओं के साथ संतुलित आहार का सेवन आवश्यक है। डॉ चंद्रा ने बताया कि एकबार टीबी की दवा ज़ब शुरू हो तो भूलकर भी दवा का सेवन बीच में न छोड़े। अन्यथा इसका बिगड़ा हुआ रूप एमडीआर का खतरा हो जाता है।

# भाकपा माले ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय किया प्रदर्शन

चा० भूमि मधुबनी



हक दो, वादा निभाओ अभियान के तहत् महा गरीब को अबिलंब गरीबी का प्रमाण पत्र और दो लाख रुपए अनुदान दो, भूमिहीन को पांच डिसमल बास भूमि और पक्का मकान दो इन्हीं गगन भेदी नारों के साथ भाकपा- माले और खेग्रामस के कार्यकर्ताओं के द्वारा मधवापुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष किया विशाल प्रदर्शन। आगे भाकपा- माले के मधवापुर प्रखंड माले सचिव सह खेग्रामस के जिला सचिव कामेश्वर राम की अध्यक्षता एवं जिला सचिव ध्रुब नारायण कर्ण के जरिए संचालित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा- माले के विधान पार्षद सह पोलिटब्यूरो सदस्य शशि यादव ने कहा कि भाजपा जदयू के डबल इंजन वाली सरकार में आज पूरे बिहार के अंदर दलित गरीबों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया हैं, सर्वे के नाम पर गरीबों को उजाड़ने की साजिश हो रही हैं। भूमाफिया और दबंगो ने नवादा में 80 घर वाले महादलित टोला पर हमला करके दर्जनों घरों को जला दिया गया और हर जगह दलितों गरीबों व महिलाओं पर अत्याचार किया जा रहा है, इसके खिलाफ गरीबों और महिलाओं को संगठित होना तथा अपनी मांगे पूरी नहीं होने पर घेरा डालो- डेरा डालो आंदोलन शुरु होगा, आगे उन्होंने कहा कि आशा, आंगनबाड़ी, रसोईया और जीवीका दीदियों के आंदोलन को सड़क से लेकर विधानमंडल तक आंदोलन चलाया जा रहा है, आगे उन्होंने कहा कि 2025 के चुनाव में भाजपा और नीतिश सरकार को उखाड़ फेकना है। इस कार्यक्रम को भाकपा- माले नेता श्याम पंडित, मदनचंद्र झा, देवेंद्र कुमार, आईसा के राज्य नेता मयंक कुमार यादव, लखींद्र सदाय, वगैरह ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में छः सूत्री मांगों का स्मार पत्र सौपा गया। 534 गरीबों के आय प्रमाणपत्र एवं पांच डिसमल जमीन व पक्का मकान पाने के लिए आवेदन जमा किया गया है। सभा के अंत में नवादा में गरीबों दलितों के घर जलाए जाने एवं अन्य जगहों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर आंदोलन तेज करने का आहवान किया गया।

# नीतीश सरकार गरीबों को जमीन व मकान देने का वादा पूरा करे

चा० भूमि नौतन



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किये गये वादें, गरीबों को पांच डिसमिल जमीन और पक्का के मकान, एवं एक करोड़ जरुरतमंद गरीबों दो-दो लाख रुपये देने के मुद्दे को लेकर भाकपा (माले) रेड फ्लैग की नौतन अंचल कमिटी की ओर से अंचलाधिकारी के समक्ष कॉमरेड भरत शर्मा की अध्यक्षता में एकदिवसीय धरना दिया गया। धरना को संबोधित करते हुये भाकपा माले रेड फ्लैग के राज्य सचिव कॉमरेड रवीन्द्र कुमार 'रवि' ने कहा सूबे के नरेन्द्र मोदी के गोद में बैठे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, गरीबों और भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन और पक्का के मकान, गरीबों को,लघु उद्यमी के लिए एक करोड़ से ज्यादें जरुरतमंद व्यक्तियों को दो-दो लाख रुपये देने की बातों को अमल करते हुये अपने वादें को शीघ्र पूरा करे आगे उन्होंने कहा कि देश के पांच राज्यों में 200 यूनिट फ्री बिजली दी जा रही है, ठीक उसी तर्ज पर बिहार में भी यह सुविधा सरकार उपलब्ध करायें।

रवीन्द्र कुमार रवि ने प्रधानमंत्री मोदी को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि वर्ष 2014 से नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के शासनकाल झूठ और फरेबी का रहा है पूरे देश के राष्ट्रीय सम्पदा को मोदी सरकार कारपोरेट घरानों के हाथों गिरवी रख दिया है। उन्होंनें कहा की मेन स्ट्रीम मीडिया देश को बर्बाद कराने में मोदी, शाह के पक्ष में खड़ी है। का० रवीन्द्र ने जोर देकर कहा की पिछले एक दशक से भारतीय राजनीति में छल, प्रपंच, हत्या, अदालत मैनेजमेंट, नौकरशाही का

**» एक करोड़ जरुरतमंद गरीबों को लघु उद्यमी योजना के तहत सरकार दो लाख रुपयें देने के वादा भी अधूरा**

बोल बाला रहा है वैश्विक आर्थिक शक्तियों की धाराओं को नजदीक से देखा जाये तो स्पष्ट हो जाता है कि क्रोनी पूंजीवाद और लिबरल लोकतंत्र के बीच लड़ाई और धारदार हुयी है।

भारत के परिप्रेक्ष्य में यह लड़ाई पूंजीवाद बनाम गरीबों के बीच और निखर रही है। ऐसी परिस्थिति में अगर संसदीय वाम दलें क्रान्ति के दूरगामी लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते है तो उन्हें भाजपा और कांग्रेस से समान्य दूरी बनाये रखने की जरुरत है। का० रवीन्द्र ने संसदीय वाम दलों पर निशाना साधते हुये कहा की संसदीय मुख्यधारा में शामिल होकर व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती है राज्य सचिव का० रवीन्द्र कुमार रवि ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चेतावनी देते हुये कहा की यदि बिहार के महागरीबों, भूमिहीनों की मांगों पर सरकार शीघ्र अमल नहीं करती है तो आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में डबल इंजन की सरकार को वोट के माध्यम से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

आगे उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर 2024 को पश्चिम चम्पारण जिला समाहरणालय का घेराव किया जायेगा। धरना को संबोधित करते हुये भाकपा (माले) रेड फ्लैग के जिला सचिव कामरेड महेन्द्र और जिला नेता हरिशंकर प्रसाद ने कहा की जिले के सभी प्रखंड और अंचल कार्यालयों पर चरणबद्ध तरीकों से भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन देने की नीतीश कुमार अपने वादों पर अमल नहीं करते है तो इस लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जायेगी धरना को रेड फ्लैग के राज्य नेत्री कामरेड रीता रवि, अब्दुल हमीद, सीताराम, मोहन ठाकुर, माला देवी, रीना देवी आदि नेताओं ने भी संबोधित किया। अंत में भरत शर्मा के नेतृत्व में एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल विनोद राम,संगीता देवी, माला देवी,रीना देवी,जियन पासवान, सुकन राम,सीता राम द्वारा अपनी सात सूत्रीं मांगों का एक मांग पत्र जिसमें प्रमुख मांग गरीब भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन व पक्का के मकान देने का वादा पूरा करो,दो सौ यूनिट फ्री बिजली देने का गारंटी करो,बाढ़ के कटाव से विस्थापितों को पुनर्वास करो,लघु उद्यमी योजना में गरीबों को 72 हजार से कम राशि का आय प्रमाण पत्र निर्गत करो,स्मार्ट मीटर की चोरी पर रोक लगाओ,बिहारी मजदूरों के पलायन पर रोक लगाते हुये मनरेगा में काम देने की गारंटी करो सेलिंग की जमीन पर गरीबों को पर्चा दो सहित साथ में 550 भूमिहीन व्यक्तियों की सूचि अंचलाधिकारी को सौपा गया धरना का संचालन हरिशंकर प्रसाद और धन्यवाद ग्यापन रामावती देवी ने किया।

# जिलास्तरीय युवा उत्सव का होगा आयोजन

चाणक्य भूमि बेतिया



जिलास्तरीय युवा उत्सव दिनांक-05.10.2024 को निर्धारित है। इस युवा उत्सव में नवोदित तथा गुमनाम कलाकारों को मंच प्रदान कर उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इस हेतु कला एवं संस्कृति युवा विभाग द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है।

जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, श्री राकेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय के मार्गदर्शन में युवा उत्सव की तैयारी जोरशोर से चल रही है। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रतिभागी को सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश के अंतर्गत विहित प्रपत्र में आवेदन समर्पित करना होगा। आवेदक जिला के वेबसाईट http://westchamparan.nic.in से प्रपत्र एवं कार्यक्रम मार्गदर्शिका डाउनलोड कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागी दिनांक-28.09.2024 तक आवेदन समर्पित कर सकते हैं। दिनांक-30.09.2024 एवं 01.10.2024 को विपिन उच्च विद्यालय, बेतिया में ऑडिशन का कार्य पूर्ण कराया जाना है। आवेदन

**» युवा उत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागी 28 सितंबर तक ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों मोड में कर सकते हैं आवेदन**

ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने वाले प्रतिभागी ई-मेल आईडी- youthfest24.wc@gmail.com पर आवेदन कर सकते हैं।

ऑफलाईन आवेदन महाराजा स्टेडियम अवस्थित खेल भवन- सह व्यायामशाला बेतिया में पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक जमा किया जा सकता है।

# शाहिद को ओपन शतरंज प्रतियोगिता में हुये सम्मानित



चाणक्य भूमि समस्तीपुर

समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी में आयोजित एक दिवसीय ओपेन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता जो 22 सितंबर रविवार को हो रहा था। उसमे चंपारण शतरंज अकादेमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में बिहार के 10 जिलों के 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया ,इसमे शाहिद को दसवा रैंक मिला, यह प्रतियोगिता छह राउन्ड में खेला गया जिसमें 4 अंक बनाकर 10 रैंक मिला। इस प्रतियोगिता में छठे चक्र में दरभंगा के रोशन कुमार को सिसिलियन ओपनिंग में टैक्टिकल मिस के कारण एक नाइट एक्स्ट्रा काटकर जीत दर्ज किया उन्हे अतिथि के द्वारा मेडल और कैश प्राइज़ देकर सम्मानित किया गया!

# गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने किया परिवार विकास मेले का उद्घाटन

चा० भूमि मोतिहारी



जिले में मिशन परिवार विकास अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तुरकौलिया में परिवार नियोजन मेले का उद्घाटन गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुरकौलिया में 12 महिलाओं का बंध्याकरण भी किया गया। मंत्री श्री पासवान ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए क्षेत्र के लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे परिवार नियोजन एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन होते रहना चाहिए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ अर्जुन कुमार गुप्ता एवं बीसीएम विमलेन्दु शेखर ने बताया कि आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जागरुक करने पर मेले में 12 महिलाओं ने बंध्याकरण कराई। प्रभारी डॉ अर्जुन कुमार गुप्ता ने

**» सीएचसी, तुरकौलिया में 12 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण, परिवार नियोजन के लिए पुरुष नसबंदी है आसान प्रक्रिया**

बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर प्रत्येक माह की 21 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के मौके पर गर्भवती महिलाओ के स्वास्थ्य की जाँच की जाती है। जनसंख्या नियंत्रण हेतु बच्चों में अंतर व पहला बच्चा में थोड़ा देरी करने की सलाह दी जाती है। बीसीएम विमलेन्दु शेखर ने बताया कि 12 अंतरा इंजेक्शन लगाया गया वहीं 29 छाया, 18 माला एन तथा 120 कन्डोम वितरित किए गए। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अर्जुन कुमार गुप्ता, बीसीएम बीसीएम विमलेन्दु शेखर, बीएचएम नौशाद आलम, भीबीडीएस ओमकार नाथ, एएनएम, आशा, आशा फेसिलिटेटर व अन्य उपस्थित रहे।

# भाजपा नीतीश सरकार में विकास के बाबजूद ये क्या हो रहा है

चा० भूमि बगहा



प्रखंड बगहा एक के विभिन्न पंचायतों के वार्ड सदस्यों ने अपने हक और अधिकारों की मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस धरने की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह ने की। प्रदर्शन के दौरान वार्ड सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन पंचायती राज पदाधिकारी के माध्यम से जिला पदाधिकारी को सौंपा। वार्ड सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग रखा कि सरकार जल्द से जल्द सात निश्चय योजना-टू की शुरुआत करे और उसमें वार्ड सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सोलर योजना और शौचालय योजना में भी उनकी सहभागिता तय की जाए। धरने के दौरान वार्ड सदस्यों ने अपने बकाया मानदेय के भुगतान की मांग भी उठाई। उन्होंने मनरेगा के तहत

**» अब वार्ड सदस्य भी अपने हक और अधिकारों की मांग को लेकर कर रहे है धरना प्रदर्शन**

चलने वाली पशु शेड योजना को पुनः शुरू करने और उसमें वार्ड सदस्यों की भागीदारी को सुरक्षित करने की भी मांग की।इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार, प्रदेश महासचिव छोटे श्रीवास्तव, और वार्ड सदस्य अभिषेक शंकर सिंह, जयप्रकाश साह, मनोज सिंह, किशोर यादव, सूर्य राम, बच्चा राम, मनोज पटेल, रामेश्वर साह, शंकर प्रसाद, सुनील राम समेत दर्जनों वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

वार्ड सदस्यों का कहना था कि यदि उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो वे आंदोलन तेज करेंगे।

# जयसूर्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को 63 रन से हराया

**एजेंसी, गाले**



श्रीलंका ने सोमवार को गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट मैच न्यूजीलैंड को 63 रन से हरा दिया। श्रीलंका की जीत के हीरो रहे बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या, जिन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए। जीत के लिए 275 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम रचिन रवींद्र के 92 रनों की शानदार पारी के बावजूद 211 रनों पर ऑल आउट हो गई, क्योंकि उसके बाकी बल्लेबाज पिच कीर तेज टर्न और कम उछाल का सामना नहीं कर पाए। जयसूर्या (5-68) ने आठवीं बार पांच विकेट लिए, जिनमें से सात बार उन्होंने अपने पसंदीदा मैदान गाले पर लिए। न्यूजीलैंड को अंतिम दिन दो विकेट शेष रहते यादगार जीत के लिए 68 रनों की जरूरत थी, लेकिन श्रीलंका को जीत हासिल करने में केवल चार ओवर लगे। न्यूजीलैंड की जीत की संभावना दिन के दूसरे ओवर में ही समाप्त हो गई, जब जयसूर्या ने रविंद्र की शानदार पारी का अंत किया, जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल था। जयसूर्या ने अपने अगले ओवर में विलियम ओ'रूर्के को बोल्ड करके श्रीलंका की जीत सुनिश्चित की। मैच के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउथी ने कहा, "पूरे टेस्ट मैच में हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमारे लिए इस मैच से बहुत सारी सकारात्मक बातें हैं, लेकिन निश्चित रूप से गलत पक्ष में आना निराशाजनक है।" जयसूर्या ने मैच में नौ विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला, जबकि रमेश मेंडिस ने दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। जयसूर्या ने कहा, "मुझे गॉल की यह पिच पसंद है। मैं बस एक सुसंगत लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने पर ध्यान केंद्रित करता हूं, और परिणाम प्राप्त करता हूं।" मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। श्रीलंकाई टीम ने कामिंडु मेंडिस (114) के शानदार शतक और कुसल मेंडिस (50) के अर्धशतक की बदौलत अपनी पहली पारी में 305 रन बनाए। पहली पारी में न्यूजीलैंड के लिए विलियम ओ'रूर्के ने 5, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स ने 2-2 और कप्तान टिम साउथी ने 1 विकेट लिया। जवाब में न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में टॉम लॉथम (70), केन विलियमसन (55) और डेरिल मिचेल (57) के अर्धशतकों की बदौलत 340 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 35 रनों की बढ़त हासिल की।

पहली पारी में श्रीलंका के लिए प्रभात जयसूर्या ने 4, रमेश मेंडिस ने 3 और कप्तान धनंजय डीसिल्वा ने 2 विकेट लिया। श्रीलंका ने इसके बाद अपनी दूसरी पारी में दिमुथ करूणारत्ने (83), दिनेश चांदीमल (61) और एंजेलो मैथ्यूज (50) के अर्धशतकों की बदौलत अपनी दूसरी पारी में 309 रन बनाए और न्यूजीलैंड के सामने 275 रनों का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कीवी टीम 211 रनों पर सिमट गई और 63 रन से मैच हार गई।

# सचिन तेंदुलकर, प्रियंका गांधी ने शतरंज ओलंपियाड में ऐतिहासिक दोहरे स्वर्ण पदक जीत पर दीं शुभकामनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**





भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) शतरंज ओलंपियाड में पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक हासिल करने पर भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं। भारत ने बुडापेस्ट में फिडे शतरंज ओलंपियाड में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए रविवार को पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। सचिन ने भारतीय टीम को शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा, "दो स्वर्ण, एक राष्ट्र! शतरंज ओलंपियाड 2024 में पहला स्थान हासिल करने के लिए हमारी पुरुष और महिला दोनों टीमों को बधाई।" कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि पूरे देश को उन पर गर्व है।

प्रियंका ने एक्स पर लिखा, "शतरंज ओलंपियाड में भारतीय खिलाड़ियों ने इतिहास रच दिया। पुरुष टीम ने ओपन वर्ग में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग में भी भारतीय टीम ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता है। सभी खिलाड़ियों और टीम के सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई। पूरे देश को आप सभी पर गर्व है। जय हिंद।" डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंद, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और पेंटाला हरिकृष्णा की भारतीय पुरुष टीम ने स्लोवेनिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। गुकेश और एरिगैसी की जीत ने भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई और प्रज्ञानानंद की बाद की जीत और विदित के ड्रॉ ने 3.5-0.5 की जीत के साथ स्वर्ण पदक पक्का कर दिया। इस बीच, हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की भारतीय महिला टीम ने अजरबैजान को 3.5-0.5 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। हरिका, दिव्या और वंतिका ने अपने-अपने मैच जीते, जबकि वैशाली ने अपना मैच ड्रॉ किया। महिला टीम ने 2022 में चेन्नई ओलंपियाड से अपने कांस्य पदक में सुधार किया।

# ऑस्ट्रेलियाई पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त हुए टोनी पोपोविक

**एजेंसी, मेलबर्न**




फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को टोनी पोपोविक को पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह तत्काल प्रभाव से यह जिम्मेदारी संभालेंगे। 51 वर्षीय पोपोविक का पहला काम 2026 फीफा विश्व कप के लिए एएफसी एशियाई क्वालीफायर का महत्वपूर्ण तीसरा दौर होगा। ऑस्ट्रेलिया अपने अगले विश्व कप क्वालीफायर में 10 अक्टूबर को एडिलेड में चीन की मेज़बानी करेगा।

पोपोविक ने एक बयान में कहा, "मैं मुख्य कोच के रूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करने का अवसर पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। यह एक ऐसी भूमिका है जो बड़ी ज़िम्मेदारी के साथ आती है, और मैं इस अवसर के लिए बहुत आभारी हूँ। यह निस्संदेह मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत गर्व का क्षण है। हमारी राष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन करने का दायित्व सौंपा जाना एक विशेषाधिकार है जिसे मैं हल्के में नहीं लेता। मैं इस पद के साथ आने वाली ज़िम्मेदारी और उच्च अपेक्षाओं के भार को पूरी तरह समझता हूँ। सबवे सॉकरोस का एक समृद्ध इतिहास और एक भावुक प्रशंसक आधार है, और मैं उन अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।" पोपोविक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल दोनों में अनुभव की एक प्रभावशाली गहराई लेकर आते हैं। उनकी उपलब्धियों में 2014 में वेस्टर्न सिडनी वांडरर्स एफसी को एएफसी चैंपियंस लीग का खिताब दिलाना और दो ए-लीग प्रीमियरशिप जीतना शामिल है। अब उन्हें ऑस्ट्रेलियाई पुरुषों को फीफा विश्व कप 2026 के लिए योग्यता प्राप्त करने की दिशा में मार्गदर्शन करने का काम सौंपा गया है।

## आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के स्वतंत्र अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होंगे सर रोनी फ्लैंनागन


**एजेंसी, नई दिल्ली**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) के स्वतंत्र अध्यक्ष सर रोनी फ़्लैनागन अक्टूबर 2024 के अंत में अपने पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। आईसीसी ने सोमवार को उक्त घोषणा की। सोमवार को आईसीसी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, "फ़्लैनागन, जो लॉर्ड कॉन्डन की जगह लेने के बाद मई 2010 से अपने पद पर हैं, ने अमूल्य नेतृत्व प्रदान किया है और भ्रष्टाचार के खिलाफ खेल की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आईसीसी ने फ़्लैनागन के लिए उपयुक्त उत्तराधिकारी की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और अक्टूबर की बोर्ड बैठकों में एक सिफारिश पेश की जाएगी।"

# हरयाणवी हंटर्स ने जीता एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग 2024 का खिताब

**एजेंसी, नई दिल्ली**




हरयाणवी हंटर्स ने एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग (ईसीएल) टी10 के उद्घाटन संस्करण का खिताब जीत लिया है। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए शानदार मुकाबले में हरयाणवी हंटर्स ने लखनऊ लायंस को 8 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा किया। हरयाणवी हंटर्स के रोहित लांबा को उनके अद्वितीय ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। लखनऊ लायंस के कप्तान अनुराग द्विवेदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन उनकी टीम को शुरुआत में ही झटके लगे। अनुराग खुद 6 गेंदों पर सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए। हरयाणवी हंटर्स के तेज गेंदबाज रोहित लांबा ने दूसरा ओवर करते हुए 3 विकेट झटके, जिससे लायंस की टीम का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑरेंज कैप धारक आकाश यादव भी केवल 6 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, लखनऊ लायंस को अमनदीप सिंह (46 रन, 17 गेंदों पर) और आशीष कुमार मीणा (35 रन, 17 गेंदों पर) के बीच 65 रनों की तेज साझेदारी से थोड़ी स्थिरता मिली, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। रोहित लांबा के 3 विकेट (26 रन देकर) और अनुज चौधरी के शानदार 2 विकेट (8 रन देकर) की बदौलत हरयाणवी हंटर्स ने लखनऊ लायंस को 10 ओवरों में 131/9 पर सीमित कर दिया।

# व्यापार

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। हालांकि इस खींचतान में अभी तक खरीदारों का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, बीपीसीएल, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारती एयरटेल के शेयर 1.99 प्रतिशत से लेकर 1.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, आयशर मोटर्स, विप्रो, इन्फोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.19 प्रतिशत से लेकर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,389 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,578 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 811 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 39 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 106.84 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 84,651.15 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर 84,881.73 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक इस ऊंचाई पर कायम नहीं रह सका।

बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 263.14 अंक की मजबूती के साथ 84,807.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 81.60 अंक उछल कर ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 25,872.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक छलांग लगा कर अभी तक के सर्वोच्च शिखर 25,925.80 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 107.10 अंक की बढ़त के साथ 25,898.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1,359.51 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 84,544.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 375.15 अंक यानी 1.48 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,790.95 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

# गोयल ने ऑस्ट्रेलिया में व्यापार जगत के नेताओं और कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात

**एजेंसी, सिडनी/नई दिल्ली**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को निवेश के अवसरों पर चर्चा करने के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया की विभिन्न कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख सुपर फंड्स के साथ शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने भारत के गतिशील विकास क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश अवसरों की खोज की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ऑस्ट्रेलिया भारत संबंध केंद्र द्वारा आयोजित लंच राउंडटेबल में ऑस्ट्रेलियाई व्यापार जगत के नेताओं के साथ नान और नई जमीन पर चर्चा के बाद यह कही। उन्होंने बताया कि इस बैठक मेन्यू में विचारों का संगम, नवाचार की झलक और नए भारत की खुशबू और हमारी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के अवसरों के तहत द्विपक्षीय सहयोग की हार्दिक सेवा शामिल थी। उन्होंने कहा कि सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा हुई, जिससे भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि भारत के विकास और दोनों पक्षों के बीच सहयोग के भविष्य के अवसरों पर चर्चा करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की बिजनेस काउंसिल और भारतीय उद्योग प्रतिनिधिमंडल के साथ जुड़ना बहुत अच्छा लगा। उन्होंने आगे कहा कि मुंबई से मेलबर्न तक भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक कम्पास साझा समृद्धि की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि हमने अपने व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए नए रास्ते तलाशे हैं। उन्होंने कहा कि एयरट्रंक के संस्थापक और सीईओ रॉबिन खुदा से परिचय हुआ। भारत के डिजिटलीकरण विकास और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सहयोग की महत्वपूर्ण संभावनाओं पर चर्चा की गई। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खनन क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने पर खनिज परिषद की सीईओ तानिया कॉन्स्टेबल के साथ शानदार चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ऑस्ट्रेलियाई उद्योग जगत के नेताओं के साथ भारत में निवेश के अवसरों पर चर्चा के लिए ऑस्ट्रेलिया के व्यापार और पर्यटन मंत्री डॉन फैरेल के निमंत्रण पर 23-25 सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक दौरे पर हैं।

# केंद्र सरकार को ईसीजीसी, एनएचपीसी और बीएचईएल से मिले लाभांश किश्त के 828 करोड़ रुपये

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईसीजीसी लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचइएल) ने लाभांश किस्तों के रूप में कुल 828 करोड़ रुपये दिए हैं। इन तीनों कंपनियों में ईसीजीसी लिमिटेड ने 434 करोड़ रुपये, एनएचपीसी लिमिटेड 339 करोड़ रुपये और बीएचइएल ने 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोकसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईसीजीसी लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड और बीएचइएल से लाभांश किस्तों के रूप में क्रमशः 434 करोड़ रुपये, 339 करोड़ रुपये और 55 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस तरह कुल मिलाकर सरकार को लाभांश किश्तों के रूप में कुल 828 करोड़ रुपये मिले हैं। उल्लेखनीय है कि ईसीजीसी लिमिटेड भारत की एक सरकारी स्वामित्व वाली निर्यात ऋण एजेंसी है। ये कंपनी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कार्यरत है। वहीं, एनएचपीसी लिमिटेड वर्ष 1975 में स्थापित भारत सरकार का एक सार्वजनिक उपक्रम है। इसका उद्देश्य सभी रूपों में हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर के समेकित एवं दक्ष विकास की योजना बनाना तथा पर्यावरण संतुलन को ध्यान मे रखते हुए इसे विकसित और संगठित करना है। इसके अलावा भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचइएल) भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग व विनिर्माण क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी है। बीएचईएल भारत में ऊर्जा संबंधी मूलभूत संरचना क्षेत्र में विशालतम इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण उद्यम है।

## सर्राफा बाजार में सोने की घटी चमक, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में मामूली गिरावट नजर आ रही है, जबकि चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज की गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 76,070 रुपये से लेकर 75,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 69,740 रुपये से लेकर 69,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी आज सपाट स्तर पर बिना किसी बदलाव के कारोबार कर रहा है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत आज भी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 76,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 75,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 75,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 69,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# मनबा फाइनेंस लिमिटेड का आईपीओ खुला, निवेशक 25 सितंबर तक कर सकेंगे निवेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मनबा फाइनेंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सोमवार को निवेशकों के लिए खुल गया। निवेशक इस आईपीओ के लिए 25 सितंबर तक बोली लगा सकेंगे। कंपनी के शेयर 30 सितंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। एनएसई पर सोमवार को दोपहर एक बजे तक उपलबध आंकड़ों के मुताबिक मनबा फाइनेंस लिमिटेड के आईपीओ को बोली के पहले दिन पहली शेयर बिक्री को 11.20 गुना सदस्यता मिली। कंपनी ने इस आईपीओ के मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 114-120 रुपये प्रति शेयर तय किया है। मनबा फाइनेंस इस इश्यू के जरिए कुल 150.84 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी के मुताबिक निवेशक इसमें कम के कम 125 इक्विटी शेयर्स और इसके मल्टीपल में शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। मनबा फाइनेंस लिमिटेड इसमें कुल 1,25,70,000 फ्रेश शेयर जारी करेगी। कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए कोई शेयर नहीं बेच रहे हैं। इस आईपीओ के तहत नए इश्यू के जरिए मिले पैसे का उपयोग कंपनी अपनी भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में करेगी। उल्लेखनीय है कि मनबा फाइनेंस लिमिटेड ने कारोबार की शुरुआत वर्ष 1998 में मुंबई से एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में की। कंपनी ने 2009 से तेज ग्रोथ किया है। कंपनी के ब्रांच अर्बन, सेमी-अर्बन और मेट्रोपोलिटन शहरों और टाउन्स तक हैं, जो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्विस प्रोवाइड करती हैं। इस कंपनी का मुख्यालय मुंबई में स्थित है लेकिन कंपनी का एक्सपेंशन वेस्टर्न, सेंट्रल और नॉर्थ इंडिया के 6 राज्यों में 29 ब्रांचेज से जुड़े 66 जगहों तक है।

# पूर्व के अंदेशे के अनुसार ही ही बोर्ड की बैठक रही हंगामेदार

## ना ये माने ना वो माने इसी तू तू-मैं मैं में इन्होंने जला दिया आशियाना अपना अपना

चा० भूमि बेतिया

पुर्व में ही अंदेशा था कि आज की बैठक हंगामेदार होगी क्यूँकी कल ही एक निजी होटल में लगभग दो दर्जन से अधिक पार्षदों की बैठक से इस बात का अंदेशा हो गया था । बैठक शुरू होते ही नगर पार्षदगण की आपसी नोकझोक और अप्रत्याशित हंगामे के बीच सोमवार को महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में हो रही नगर निगम बोर्ड की बैठक अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया । गत बैठक की संपुष्टि के पहले प्रस्ताव पर ही नगर भवन के सभागार में शोर शराबा और हंगामा शुरू हो गया। नगर आयुक्त की अनुपस्थिति के जवाब में महापौर ने कहा कि उक्त बैठक के नगर उपायुक्त गोपाल कुमार, सिटी मैनेजर अरविन्द कुमार एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारी की विधिवत सहभागिता के साथ बैठक की पूरी कार्यवाही नियमानुसार संपन्न की गई थी। इसकी सुलभ पुष्टि के लिए महापौर श्रीमती सिकारिया ने बैठक की विडियोग्राफी देखने का अनुरोध किया।



**नगर निगम के करीब दर्जन भर पार्षद विभिन्न संसाधनों की खरीदारी की मांग कर रहे थे।तब महापौर ने बताया कि उक्त संदर्भ में विभागीय आदेश के आलोक में विभिन्न उपयोगी संसाधनों की उपलब्धता, जरूरत और आबादी के तुलनात्मक अध्ययन प्रतिवेदन की मांग दो हफ्ते पहले ही नगर आयुक्त से की गई थी।** नगर आयुक्त द्वारा इसके लिए कमिटी भी गठित की जा चुकी है। जिसके प्रतिवेदन प्रस्तुत होने पर विभागीय निर्देश लेकर संसाधनों की खरीदारी का निर्णय किया जा सकता है।

महापौर ने कहा कि इसी बीच बैठक में शामिल कई नगरपार्षद विगत आठ जनवरी 2024 को संपन्न बैठक में पारित लंबित दो सौ से अधिक योजनाओं पर नगर आयुक्त शंभू कुमार द्वारा अब तक अमल नहीं करने का आरोप लगा रहे थे। महापौर श्रीमती सिकारिया की अध्यक्षता में हो रहे सामान्य बोर्ड की बैठक में अप्रत्याशित हंगामा के कारण आज की बैठक की स्थगित किए जाने की घोषणा कर के कार्रवाई को समाप्त घोषित कर दिया गया।

» नगर पार्षदों के नोकझोक व अप्रत्याशित हंगामे के बीच नगर निगम बोर्ड की बैठक स्थगित
» नगर आयुक्त शंभू कुमार भी उक्त बैठक खुद के शामिल नहीं हो पाने को आधार बनाकर उक्त बैठक की कार्रवाई को रद्द करना चाह रहे थे
» बैठक स्थगित होने से सबसे ज्यादा नुकसान अगर किसी का हुआ तो वो है नगर की जनता

महापौर सिकारिया ने आगे बताया कि पार्षद कुणाल राज श्रॉफ, सहमत अली, मोहम्मद एनामुल हक, राजकुमार इत्यादि के द्वारा लगातार बैठकों में हंगामा एवं अवरोध पैदा किया जाता है। महापौर द्वारा यह भी बताया गया कि वार्ड संख्या 8 पार्षद कुणाल राज श्रॉफ एवं 3 पार्षद सहमत अली सहित 7 वार्डो के नालों की सफाई में कर्मचारियों को भुगतान न देकर जमादारों को लाखो का अवैध भुगतान नगर आयुक्त द्वारा किया गया है। यहां तक की वार्ड 3 के नालों की सफाई का भुगतान नगर आयुक्त ने गलत बताकर रोक दिया था, लेकिन बाद में इसी नाले के भुगतान को मिलजुल कर दिया, जिसपर सशक्त स्थायी समिति द्वारा वित्तीय अनियमितता करार देते हुए आपत्ति की थी। वार्ड 24 के पार्षद एनामुल हक के वार्ड के जमादार भी एसपी ऑफिस पार्किंग स्टैंड के बाहर अवैध उगाही करते हुए पाये गए थे, नगर पालिका की जाँच रिपोर्ट में भी अवैध उगाही का खुलासा हुआ था। इन्हीं लोगों द्वारा बेतिया का विकास बाधित करने के लिए सोची समझी साजिश के तहत लगातार बैठक में हंगामा किया जा रहा है। जिसकी वजह से बैठक को स्थगित किया गया। **महापौर ने बार-बार हो रही स्थगित बैठकों को लेकर दुख जताया एवं एवं पार्षदगण को नसीहत दी कि सदन के अनुसाशन के विपरीत व्यवहार ना करें, इससे निगम का विकास बाधित हो रहा है। जो समय आज निकल जा रहा है वह वापस नहीं आएगा। महापौर ने सदन को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा नियमानुसार ही कार्य संपादित किए जाएंगे।**

# ट्रेन से कट कर आरपीएफ जवान की मौत

चा० भूमि बगहा

पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल अंतर्गत नरकटियागंज पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात 49 आरक्षी बादशाह सिंह की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, आरक्षी बादशाह सिंह, जो पूर्वी चंपारण जिले का निवासी है । हरीनगर स्टेशन भैरोगंज स्टेशन के बीच ओएचई वायर एवं मटेरियल की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात थे। सुबह लग भग 6:00 बजे, हरीनगर-भैरोगंज के बीच गेट संख्या 36B पर ट्रेन संख्या 05497 की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल आरपीएफ के द्वारा शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया है। इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है। आरपीएफ के डीएसपी एमके सिसोदिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पेट्रोलिंग के दरमियान यह हादसा हुआ। फिलहाल उनके घर वालों की इसकी सूचना दे दी गई है। वही मामले की पूरी पड़ताल की जा रही है।






# दशहरा फैंसी मेला की डाक समय पर नहीं होने से राजस्व को भारी नुकसान की उम्मीद

चा० भूमि बेतिया

बेतिया राज देवड़ी का मेला इस जिले का सांस्कृतिक धरोहर के साथ साथ जिले की शान शौकत और एतिहासिक भी हैं। आश्विन नवरात्रि महोत्सव प्रारंभ होने के साथ ही बेतिया राज देवड़ी में मेला की चकाचौध शुरु हो जाती थी । लेकिन इस वर्ष लगता हैं कि प्रशासनिक उदासिनता के कारण इस पर ग्रहण लग जायेगा । इसके कारणों को अगर देखे तो पहला कारण यह हैं कि मेला प्रारंभ होने यानि दशहरा नवरात्रि महोत्सव के प्रारंभ होने के कम से कम दो माह पूर्व मेला के निमित निविदा ( डाक ) प्रशासन की अगुआई में हो जाना चाहिए था लेकिन डाक अभी तक नहीं हो सका । सूत्रों के अनुसार इसके पिछे के कारणों में एक कारण यह है कि मेला के लिए पिछले वर्ष न्यूनतम राशि 75 लाख के आसपास निर्धारित की गई थी । जबकि इस वर्ष के लिए 1 करोड़ 26 लाख करने की बात बताई जा रही हैं जिस कारण संवेदको द्वारा निविदा में शामिल होनेमें रुचि नहीं दिखाई पड़ रही हैं। दुसरा कारण प्रशासनिक हैं। बेतिया राज के व्यवस्थापक का पद खाली था जिस कारण भी निविदा में गतिरोध की स्थिति उत्पन्न हुई । सूत्रों की माने तो पुनः 30 सितंबर की तारीख निविदा के लिए निर्धारित की गई है ।अब बात उठती हैं कि क्या 30 तारीख को अगर डाक होता है तो क्या डाक स्वीकार करने के लिए कोई तैयार होगा। क्योंकि दूर दूर से, गांव गांव से मेला देखने के लिए नवरात्रि प्रतिपदा से ही लोग आने लगते हैं ।जबकि इस बार प्रतिपदा 2अक्टूबर से ही प्रारंभ हो रहा हैं । मात्र एक दिन की अवधि में मेला की तैयारी हो जायेगी ।डाक नहीं होने से भारी राजस्व की हानी तो होगी ही साथ साथ अगर विभागीय व्यवस्था के विकल्प की बात हुई तो बहुतों की चांदी भी कटेगी, इससे इंकार नहीं किया जा सकता हैं।




» दशहरा के मौके पर लगने वाले एतिहासिक राज देवड़ी मेला पर भी प्रशासनिक उदासिनता के कारण मेला नहीं लगने की संभावना
» आखिर किसकी लापरवाही की वजह से इतने बड़े नुकसान को सरकार और लोगों को झेलने की उम्मीद दिखाई दे रही है। यह जाँच का विषय है

इस लिहाज से देखा जाय तो इस साल बेतिया के एतिहासिक फैंसी मेला के लगने की सम्भावना क्षीण नजरिए आती है अगर येन केन प्रकारेण अगर इस मेले को लगा भी दिया जाता है तो उसकी भव्यता में भी कमी रहेगी। आपको बता दें कि यह मेला सिर्फ मनोरंजन के लिये नहीं लगता ब्लकि हज़ारों लोगों की जीविका का भी साधन रहता है। एक ओर जहां इस मेले से हज़ारों लोगों की जीविका चलती है वही सरकार को भी करोड़ों के राजस्व का भी फायदा होता है ।

# अवैध जाँच घर पर नहीं हो रही कार्यवाही



चा० भूमि बगहा

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगातार की जा रही छापेमारी के इसके बावजूद भी बगहा अनुमंडल में धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध जांच घर। जहां भोले भाले मरीजों को बिचौलियों के माध्यम से बहला फुसलाकर अवैध जांच की जा रही है तथा संचालकों द्वारा मोटी रकम की उगाही किया जा रहा है। बताते चले कि प्रखंड बगहा एक के पीएचसी से महज 500 मीटर दूर दीपक कम्प्लेक्स में पूजा जांच घर बेखौफ होकर धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। यह जांच घर दुकान के बाहर बैनर लगाकर किया जा रहा है जिसपर डॉ. आर कुमार व संचालक बजरंगी कुमार का नाम बड़े अक्षरों में अंकित है।

» पीएचसी से महज 500 मीटर दूर फेखौफ होकर धड़ल्ले से संचालित हो रहे है जांच घर विभाग बना मौन

स्वास्थ्य विभाग की इतनी सख्ती के बाबजूद भी अवैध जांच घर का संचालन होना कहीं न कहीं स्वास्थ्य विभाग पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है। अब देखना होगा की स्वास्थ्य विभाग का अगला कदम क्या होगा।









# डीलर संघ के अध्यक्ष के द्वारा ई केवाईसी के लिए किया गया जागरुक



चा० भूमि बगहा

नगर परिषद डीलर संघ के अध्यक्ष के तरफ से ई केवाईसी करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है यह जागरूकता अभियान पूरे नगर में प्रसार प्रसार करते हुए अनुमंडल के पास पहुंचा। वहीं इस सम्बंध में नगर परिषद डीलर संघ के अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी महोदय के दिशा निर्देश पर 30 सितंबर तक हर हाल में ई केवाईसी कराना है नहीं तो लाभुक राशन कार्ड से वंचित रह जायेंगे। इसमें सभी लाभुक से निवेदन है कि हर हाल में ई केवाईसी अपने नजदीकी राशन दुकानदार के पास जाकर करवा ले। इस अभियान में नगर परिषद डीलर संघ से महामंत्री शैलेश प्रसाद, दुर्गा शंकर तिवारी, मोहन प्रसार, प्रदीप वर्मा, अभयानंद प्रजपति, समशेर अली, रविद्र मिश्रा, राजीव कुमार, के साथ अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया

चा० भूमि बगहा


देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भजपा द्वारा चलाये ज रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, बगहा विधायक राम सिंह एवं जिलाध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने बगहा सांगठनिक जिला एवं वाल्मीकि नगर विधानसभा के चौतरवा मंडल, परसौनी मंडल, मधुबनी, एवं भीतहा मंडल के विभिन्न स्थानों पर जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ सदस्यता अभियान चलाए। बताते चले कि 17 सितम्बर 2024 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश मे भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है साथ हीं भाजपा का सदस्यता अभियान भी चल रहा है। इसी कड़ी में बगहा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत परसौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया और क्षेत्र के मझौआ ग्राम में स्वास्थ्य शिविर के साथ साथ सदस्यता अभियान भी चलाया गया।



क्षेत्र के पतिलार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी आयुष्मान कार्ड शिविर एवं सदस्यता अभियान भी चलाया गया साथ ही बसवरिया पंचायत सरकार भवन में भी आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। वाल्मीकि नगर विधानसभा में मुलाडीह, भीतहा ब्लॉक कार्यालय में, पिपरासी प्रखंड के मंझरिया में और धनहा के मुसहरटोली में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने गरीबी रेखा के परिवार में सभी लोगों की चिंता करते हुए आयुष्मान कार्ड अलग अलग बने और अलग अलग कार्ड से पांच लाख रुपय तक का ईलाज हो सके इसकी चिंता की है। स्थानीय विधायक राम सिंह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री के दूरदर्शी सोच के कारण ही ऐसे जन कल्याणकारी योजनायें धरातल पर दिख रहे हैं। वहीं जिलाध्यक्ष ने योजना को विस्तार से समझते हुए कहा कि सभी वर्ग के 70 वर्ष के पुरूष एवं 06 वर्ष की महिलाएँ भी इस शिविर में बिना राशन कार्ड के आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उपस्थिति कार्यक्रम के प्रभारी शिपु चैबे , पूर्व मंत्री राजेश सिंह, रविन्द्र श्रीवास्तव , श्रीकांत हलधर, जिला उपाध्यक्ष ऋतु जायसवाल , चंद्रभूषण सिंह , नंदकिशोर राम, महामंत्री अचिंत्य कुमार लल्ला, सुजीत चौरसिया, दीपु तिवारी, मंडल अध्यक्ष ब्रजेश प्रसाद गुप्ता, उमेश सिंह, अरविंद दुबे, अजय चौबे, विजय साहू, प्रमोद प्रसाद काजू, समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।









# मिशन परिवार विकास अभियान के तहत परिवार नियोजन मेले का हुआ उद्घाटन

चा० भूमि / मोतिहारी।

जिले में मिशन परिवार विकास अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तुरकौलिया में परिवार नियोजन मेले का उद्घाटन गन्ना मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तुरकौलिया में 12 महिलाओं का बंध्याकरण भी किया गया। मंत्री श्री पासवान ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए क्षेत्र के लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे परिवार नियोजन एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन होते रहना चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ अर्जुन कुमार गुप्ता एवं बीसीएम विमलेन्दु शेखर ने बताया कि आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जागरुक करने पर मेले में 12 महिलाओं ने बंध्याकरण कराई। प्रभारी डॉ अर्जुन कुमार गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर प्रत्येक माह की 21 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के मौके पर गर्भवती महिलाओ के स्वास्थ्य की जाँच की जाती है। जनसंख्या नियंत्रण हेतु बच्चों में अंतर व पहला बच्चा में थोड़ा देरी करने की सलाह दी जाती है। बीसीएम विमलेन्दु शेखर ने बताया कि 12 अंतरा इंजेक्शन लगाया गया वहीं 29 छाया, 18 माला एन तथा 120 कन्डोम वितरित किए गए। डीसीएम नंदन झा ने बताया कि सभी प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक परिवार कल्याण परामर्शी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिशन परिवार विकास अभियान के तहत 30 सितम्बर तक का वांछित लक्ष्य प्राप्त करने के संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार से पत्र निर्गत किया गया है। सभी आशा को निदेशित किया गया है कि अभियान के दौरान एक-एक महिला बध्याकरण करवाना अनिवार्य है। सभी फैसिलिटेटर अपने समूह से 10 महिला बंध्याकरण एवं प्रत्येक फैसिलिटेटर 2 पुरुष नसबन्दी करना सुनिश्चित करें। कार्य क्षेत्र में अंतरा सुई, पपीआईयूसीडी, छाया, कण्डोम का वितरण करवाना सुनिश्चित किया जाए। परिवार नियोजन में पुरुषों को भी नसबंदी में भाग लेने की आवश्यकता है, क्योंकि पुरुष नसबंदी कम समय एवं बिना चीरा-टाका के आसानी से हो जाने वाली प्रकिया है।














स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714